## शुक्रवार को भी बारिश और कोहरे के बीच तेज ठंड रहने की संभावना



# मावठे ने वातावरण में घोली ठंड, नहीं हुए सूर्य के दर्शन




सतना। गुरुवार के तड़के रिमझिम बारिश यानी मावठे ने वातावरण में और ठंड खोल दी है ठिठुरन धीरे-धीरे और तेज बढ़ती जा रही है। मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक आने वाले दो-तीन दिन तक ठंड और तेज हो सकती है।



आपको बता दें कि सोमवार को अधिकतम तापमान 22.0, न्यूनतम तापमान 10.6 मंगलवार को अधिकतम तापमान 21.8 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार बुधवार को अधिकतम तापमान 21.0 और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस तथा गुरुवार को अधिकतम तापमान 17.8 और न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। कहा जा रहा है कि फिलहाल एक दो दिन मौसम साफ होने की संभावना नहीं है और शुक्रवार को भी जिले में बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं।

### पश्चिमी विच्छोभ के कारण बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विच्छोभ के चलते जिले में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने जिले में एक मिलीमीटर वर्षा दर्ज की। मौसम में बने वर्षा के यह आसार आने वाले दिनों तक रह सकते हैं और शुक्रवार को जहां बादल छाए रहेंगे वहीं कोहरा भी बना रह सकता है। इसके साथ ही छुटपुट बारिश की संभावना भी व्यक्त की गई है।

## खबर संक्षेप

### स्कूटर डिवाइडर से टकराई, दो महिला पुलिस कर्मी घायल



**सतना।** सिविललाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पन्ना नाका स्थित सुमित बाजार के सामने स्कूटी डिवाइडर से टकरा जाने के कारण दो महिला आरक्षक गिरकर घायल हो गयीं। जिन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज किया गया। सिविल लाइन थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन से जसो थाना में पदस्थ महिला आरक्षक सुरभि चौरसिया एवं नागौद में पदस्थ महिला आरक्षक सुशीला गोंड़ स्कूटी पर सवार होकर ड्यूटी पर जा रही थीं। इसी दरमियान सुमित बाजार के सामने डिवाइडर के पास एक गड्ढा देखकर महिला आरक्षक ने एकाएक ब्रेक लगा दिया। रात में पानी के कारण स्कूटी फिसलती हुई डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे दोनों महिला आरक्षक घायल हो गयीं। दुर्घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ के कई लोगों ने अस्पताल पहुंच कर घायल महिला पुलिस कर्मियों की कुशल क्षेम पूछी। बताया गया है कि दोनों महिला आरक्षकों को मामूली चोटें आई हैं।

### कांग्रेस ने जताया मतदाताओं का आभार



**मैहर।** कांग्रेस ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ गत विधानसभा चुनाव में मतदाताओं से मिले प्यार स्नेह एवं सहयोग के लिए विधानसभा आभार सभा आयोजित कर सभी कार्यकर्ताओं एवं जनार्दन रूपी जनता का ह्दय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा रहे जबकि अध्यक्षता विधानसभा प्रत्याशी रहे धर्मेश घई ने की।

### उप निर्वाचन वाली पंचायतों में मतदान के लिये अवकाश घोषित

**सतना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार त्रि-स्तरीय पंचायतों में रिक्त पंच और सरपंच पद के लिये मतदान 5 जनवरी को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान दिनांक को जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत गुढ़ा,नागौद जनपद की ग्राम पंचायत हिलौंधा एवं मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत झोंटा के वार्ड क्र. 7 के लिये सामान्य अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार मतदान दिनांक 5 जनवरी को उप निर्वाचन से संबंधित क्षेत्रों में पराक्रम्य लिखित अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### वैश्य महासम्मेलन की गतिविधियां तेज करने राजकुमार बनाए गए अध्यक्ष

**सतना।** वैश्य महासम्मेलन की गतिविधियों को तेज करने के लिए राजकुमार अग्रवाल को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष एवं म.प्र.शासन के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग प्रभारी हरिओम गुप्ता की सहमति से एंव जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता,जिला प्रभारी लखन केसरवानी की अनुशंसा पर की गई है। नियुक्ति पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल गोयल, महापौर योगेश ताम्रकार, प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता, कमलेश पटेल,जिला प्रभारी लखन केसरवानी,जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता,एड.सुरेश गुप्ता,रमेश जैन,मणिकांत महेश्वरी,राम अवतार चमडिया,अशोक अग्रवाल,अमित सोनी,विष्णु अग्रवाल, बृजेश निगम,रामचंद्र गुप्ता,दिनेश गुप्ता,यशपाल अग्रवाल,सागर गुप्ता, सुरेश बड़ेरिया,पीके जैन,श्यामलाल गुप्ता,सतना जिला इकाई, महिला इकाई,युवा इकाई एवं तहसील इकाई के पदाधिकारियों सहित वैश्य बंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्ति है।

## नगरीय निकाय और पंचायतों में रिक्त पदों के लिये मतदान आज

**सतना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) 2023 के लिये घोषित कार्यक्रमानुसार नगरीय निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए मतदान 5 जनवरी को किया जायेगा। सतना जिले में नागौद जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हिलौंधा और उचेहरा जनपद की ग्राम पंचायत गुढ़ा में सरपंच पद तथा मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत झोंटा के वार्ड क्रमांक 7 में रिक्त पंच पद के लिये मतदान किया जायेगा। इसी प्रकार मैहर जिले की नगरीय निकाय नगर परिषद रामनगर के वार्ड क्रमांक 2 और 11 में रिक्त पार्षद पद के लिये मतदान होगा।

### सतना जिले के 19 और मैहर जिले के 5 वार्डो में पंच पद का चुनाव हुआ निर्विरोध

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सतना जिले की जनपद सोहावल की ग्राम पंचायत फुटौंधा के वार्ड क्रमांक 1,नयागांव के वार्ड 20,जनपद नागौद की ग्राम पंचायत दुर्गापुर के वार्ड 14,हरदुआकला के वार्ड 9,शहपुर के वार्ड 3,जनपद उचेहरा की ग्राम पंचायत करहीकला के वार्ड 2,गोबरांवकला के वार्ड 8, जनपद रामपुर बघेलान की ग्राम पंचायत अकौना के वार्ड 14,अबेर के वार्ड 17,नरसिंहपुर के वार्ड 5, रामनगर के वार्ड 13,खारी के वार्ड 2 तथा मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत सेलौरा के वार्ड 15,पटनाखुर्द के वार्ड 6 और ग्राम पंचायत पुतरीचुवा के वार्ड क्रमांक 11 में पंच के रिक्त पद का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। इसी प्रकार मैहर जिला अंतर्गत जनपद पंचायत अमरपाटन की ग्राम पंचायत त्योंधरी का वार्ड 17 तथा जनपद पंचायत मैहर की ग्राम पंचायत तिघराकला का वार्ड 4,पिपराकला का वार्ड 2,हिनौताकला का वार्ड 4 एवं ग्राम पंचायत करैया बिजुरिया का वार्ड 6 में भी पंच पद के लिये होने वाला चुनाव निर्विरोध हो गया है।

### निर्वाचन परिणाम की घोषणा

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन के घोषित कार्यक्रमानुसार नगरीय निकायों की मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 9 जनवरी को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जायेगी। सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के निर्वाचन परिणामों की घोषणा 9 जनवरी और जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 11 जनवरी को की जायेगी।

## उप निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न कराने मतदान दल रवाना





सतना। राज्य निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रमानुसार नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन के लिये मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। मतदान की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी हैं। सतना और मैहर जिले में उप निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न कराने संबंधित निकायों के मुख्यालयों से मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिये रवाना हो गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों में मतदान 5 जनवरी को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा।

### शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिये निकाला फ्लैग मार्च

रामनगर नगर परिषद के वार्ड नंबर 2 और 11 मे पार्षद पद के होने वाले चुनाव को लेकर एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,तहसीलदार ललित धार्वे,सीएमओ लालजी ताम्रकार थाना प्रभारी संतोष तिवारी,रोशनलाल रावत ने शहर मे फ्लैग मार्च निकाला। अधिकारियों ने मतदाताओं को शान्तिपूर्ण और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील भी की।

### सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिये कंट्रोल रुम स्थापित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने 5 जनवरी को जिले में त्रि-स्तरीय पंचायतों में रिक्त पंच और सरपंच पद के होने वाले उप निर्वाचन कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिये कलेक्ट्रेट भवन के द्वितीय तल में कंट्रोल रुम स्थापित कर अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। यह कंट्रोल रुम मतदान दल की रवानगी,मतदान दल की वापसी,मतदान प्रतिशत तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान करेगा। कंट्रोल रुम का दूरभाष क्रमांक 07672-238844 है।

## गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 5 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समिति के सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## जिले के भीतर थानों, चौकियों की सीमायें निर्धारित करने बैठक बुलाने के निर्देश

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में पुलिस थानों, चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) और सहायक जिला अभियोजन अधिकारियों को अनुविभाग स्तर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर कार्यवाही प्रतिवेदन 2 दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जिलों में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण 15 जनवरी तक कर लिया जाएगा। इसके लिए एसडीएम स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों की बैठक में विचार-विमर्श कर थानों की सीमाओं के प्रारंभिक निर्धारण के बाद दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। जिले के भीतर थाने एवं चौकियों की सीमाओं के निर्धारण के अधिकार जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय जिला समिति को राज्य शासन द्वारा वर्ष 2004 से सौंपे गए हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न जिला स्तरीय समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सतना जिले के अंतर्गत आने वाले थाने एवं चैकियों की सीमाओं के निर्धारण के लिए अनुभाग स्तर पर एसडीएम, एसडीओपी और सहायक जिला अभियोजन अधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करें। इन बैठकों में कोई मामला सामने आता है तो उसका निराकरण कर बैठक का प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर जिला समिति को प्रस्तुत करें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और जिला अभियोजन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मैहर में पर्यटक सूचना केंद्र कार पार्किंग के ग्राउंड में होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

**मैहर।** मैहर जिले का प्रथम जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह देवीजी रोड पर वन विभाग के सामने पर्यटक सूचना केंद्र बंधा बैरियर वन विभाग के सामने के ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने अधिकारियों की बैठक लेकर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए और विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपे। इस मौके पर जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे से ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम,पीटी प्रदर्शन,पुरस्कार वितरण एवं झांकी प्रदर्शन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर एसडीम सुरेश जादव,आरती यादव,डॉ आरती सिंह भी उपस्थित रहे। मैहर कलेक्टर ने अमरपाटन और रामनगर उपखंड में जनपद स्तरीय,ग्राम स्तरीय एवं नगरीय निकाय स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# मैहर कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण



### नवजात बच्ची का किया नामकरण

**मैहर।** गुरुवार सुबह मैहर कलेक्टर रानी बाटड दल बल के साथ मैहर सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुँची। उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ. वी के गौतम को आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मैहर कलेक्टर मैटरनिटी वार्ड पहुँची जहाँ ग्राम मड़ई निवासी शकुंतला कुशवाहा ने अपनी नवजात नातिन का नामकरण करने का आग्रह किया। आग्रह को स्वीकार कर मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने नवजात बच्ची का नाम तनु रखा। बच्ची की दादी शकुंतला खुशी से फूली नहीं समाई तथा कहा कि बड़े होकर तनु मैडम की तरह ही कलेक्टर बनेगी।

### सफाई अनियमितता पर ठेकेदार को लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल मैहर के ओपीडी हाल में पहुंचते ही मैहर कलेक्टर ने वहां फर्श पर पोछा ना लगा हुआ देखा तो तत्काल ही सफाई ठेकेदार की क्लास लगा दी। सफाई ठेकेदार द्वारा बताया गया कि वह मात्र 14 कर्मचारियों के द्वारा सिविल अस्पताल की सफाई व्यवस्था को संभाल रहे हैं,जिस पर कलेक्टर मैडम ने फटकार लगाते हुए कहा कि मात्र 14 कर्मचारी सम्पूर्ण अस्पताल हेतु अपर्याप्त हैं। कर्मचारियों की संख्या बढ़ानी होगी तथा सफाई में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। सिविल अस्पताल प्रभारी वीके गौतम को भी निर्देश दिए कि जैसे ही यह ठेका खत्म होता है तो अगली बार इस ठेकेदार को रिपीट नहीं किया जाएगा बल्कि नए ठेकेदार को काम दिया जाएगा।

### अस्पताल परिसर में अतिक्रमण हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान मैहर कलेक्टर ने पाया कि अस्पताल परिसर में कुछ गोमतियां अतिक्रमण कर लगी हुई है जहां पान गुटका आदि भी विक्रय हो रहा है। मामले पर संज्ञान लेते हुए तत्काल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर वी के गौतम को निर्देश दिए गए की इन गोमतियों को तत्काल प्रभाव से अस्पताल परिसर के बाहर किया जाए।

### ओपीडी हाल के बगल में तालाब नुमा जलभराव की सफाई के निर्देश

मैहर सिविल अस्पताल के ओपीडी हाल के बगल में तालाबनुमा जलभराव में पसरी गंदगी देखने के बाद मैडम ने अस्पताल प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा उक्त जलभराव का नगरपालिका के अधिकारियों से बात कर तत्काल निराकरण करवाया जाए तथा बगल में बाउंड्री भी बनाई जानी चाहिए।



### कुपोषित बच्चों का जाना हालचाल

जिला कलेक्टर ने मैहर सिविल अस्पताल के एनआरसी वार्ड में भर्ती कुपोषित बच्चों का हालचाल जाना तथा परिजनों से बातचीत कर उन्हें बच्चों के उचित खानपान तथा देखरेख की समझाईस भी दी। 14 दिनों के पश्चात कुपोषित बच्चों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी ली।

### महिला से पर्चा भेजकर मंगवाई दवा

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर रानी बाटड ने मैहर अस्पताल में निशुल्क दवा वितरण की जांच हेतु एक महिला को पर्चा देकर भेजा एवं उस दवा लाने कहा। जहां उसे सिविल अस्पताल के दवा वितरण केंद्र से निशुल्क सारी दवाइयां प्राप्त हो गई। निरीक्षण के दौरान मैहर कलेक्टर रानी बाटड के साथ मैहर एसडीएम सुरेश जाधव,मैहर तहसीलदार जितेंद्र पटेल,मैहर अस्पताल प्रभारी डॉ वी के गौतम तथा स्टाफ मौजूद रहा।

खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता डीबीटी इनेबल कराएं

**पन्ना।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बालिकाओं को छात्रवृत्ति के लाभ के लिए समग्र ई-केवायसी और बैंक खाता डीबीटी इनेबल कराना आवश्यक है। पन्ना जिले की 17 हजार 203 बालिकाओं की समग्र ई-केवायसी और 21 हजार 897 बालिकाओं के आवेदनों में डीबीटी इनेबल नहीं है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर द्वारा सभी पात्र लाड़ली बालिकाओं से ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय कार्यालय में संपर्क कर आधार कार्ड से समग्र को लिंक कराने तथा बैंक या कियोस्क से संपर्क कर बैंक खाता डीबीटी सक्रिय कराने की अपील की गई है अन्यथा बैंक खाते में छात्रवृत्ति राशि प्राप्त नहीं होगी। अधिक जानकारी के लिए ग्राम अथवा वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### मकर संक्रांति मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक सोमवार को

**पन्ना।** श्री सारंगधर मंदिर में आगामी मकर संक्रांति मेला आयोजन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के संबंध में सोमवार, 8 जनवरी को बैठक का आयोजन किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 11.30 बजे से आयोजित होने वाली बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारियों सहित सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### पूज्य माताजी के गुनौर आगमन पर ढोल नगाड़ों से हुआ स्वागत!



**पन्ना।** जैन धर्मावलंबियों का एक हम ढोल लगाने के साथ संतों की प्रथम आगमन पर मानो आज गुनौर नगरी झूम उठी। लोग अपनी-अपने घरों के किवाड़ दरवाजे खोलकर माताजी की एक झलक पाने के लिए मानो अपनी अपने घरों के बाहर निकल पड़े। गुनौर नगरी है ही धन्य क्योंकि यहां पर संतो गुरुओं महात्माओं का आगमन आयोजन होता रहता है क्योंकि जिस नगर घर परिवार के जब-जब पुण्य प्रकट होते हैं तब तक संतों गुरुओं का आगमन उस धारा में होता रहता है काफी हम सैकड़ो की तादाद में धर्मावलंबियों ने माताजी का स्वागत कुछ इस तरह किया मानो इस नगरी के धर्मावलंबी मानो एक झलक पाने के लिए पलक पांवड़े बिछाए हुए बैठे हुए थे। और सभी धर्म के लोगों ने माता जी का स्वागत अपने नयन चक्षुओं से दर्शन धर्म लाभ लेकर नगर की धर्मावलंबी धन्य हो गये।

### राजनैतिक दलों के अध्यक्ष की बैठक 6 जनवरी को

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार, 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। मतदान केन्द्रों पर 6 से 22 जनवरी तक बीएलओ द्वारा दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण और अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से राजनैतिक दल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में शनिवार, 6 जनवरी को दोपहर 12 बजे से होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# आखिर कब पंचायतों के कार्यालय प्रतिदिन खुलेंगे ताकि समस्याओं का निदान पंचायत स्तर पर ही आम आदमी का होने लगे

आखिर क्यों जरूरत पड़ रही है कि समस्याओ के निदान को लेकर कई बार प्रशासन व जनप्रतिनिधि दरवाजे-दरवाजे या गांव पहुंच रहे है। सबसे बड़ा सवाल कार्यालय जो पूरे वर्ष संचालित रहने के लिए कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है। वहीं पंचायतें जो हर दिन खुलनी चाहिए जो नहीं खुलती तभी तो ये बने हालात। आम आदमी परेशानी को लेकर जनसुनवाई में पहुंचना अब हालात एक दिन में संकल्प यात्रा में योजनाओं का लाभ देने की कही जा रही बात। फिर भी अधिकारी कर्मचारी जब रूचि नहीं लेते तो परेशानी के हालात आखिर कैसे होगे दूर?




पन्ना। शासन की योजनाओं का लाभ आम आदमी को कैसे मिले बड़ा सवाल है। कहने को तो कार्यालय बनाये गये जहां समस्याओ के निदान को लेकर आम आदमी को पहुंच कर अपनी बात आवेदन के माध्यम से रखी जाती थी। उस पर कार्यवाही होती थी। हालात बदले अब कार्यालयों में सायद ही कहीं काम हो न ही पंचायत में सचिव मिलते न पटवारी। तहसील में भी यही हालात आखिर आम आदमी जनसुनवाई में पहुंचने लगे वहां भी हालात कई बार सुनवाई के बनने लगे। फिर कहीं न कहीं समस्या निवारण शिविर का रूप तय हुआ। तत्पश्चात एक दिन में समाधान को लेकर घर-घर यानि दरवाजे पर ही समस्याओं के निदान के लिए अमले के पहुंचने की बात चल पड़ी। वहीं अब संकल्प यात्रा भी लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए बताई जा रही है। आखिर जमीनी हकीकत पर गौर कौन और कब करेगें। जो कार्यालय बनाये गये चाहे वो पंचायत का हो या तहसील कार्यालय हो या कि जितने ही ग्रामीण क्षेत्र या शहरी क्षेत्र में आवश्यक समस्याओं के निदान को लेकर जिम्मेदारों को पदस्थ किया गया। इनकी सेवायें कैसे मिल रही है। कौन मॉनीटरिंग करेगा जब समय पर पंचायतें नहीं खुलती वहीं कार्यालय में रोजगार सहायक व पंचायत सचिव को वेतन देने का कार्य किया जा रहा है। फिर भी आम आदमी की समस्यायें नहीं सुलझती। पटवारी हल्का में पटवारी नहीं मिलते नाम पटवारी हल्का का होता है नामांतरण बटवारा सीमांकन जैसे समस्यायें किसानों की टी.बी. जैसा रोग बन गया आखिर जिम्मेदारों को सरकार के द्वारा वेतन इन्हीं आम आदमी की समस्याओं की निदान को लेकर दिया जाता है। जब ग्रामीण क्षेत्र में जो कार्यालय संचालित किये जाते है। आखिर इनमें सेवायें ही नहीं मिलती। तो फिर इन कार्यालयों में पदस्थ लोगों को वेतन क्यों दिया जाता है। कौन देगा जवाब कहने को संकल्प यात्रा पर जहां जमीनी हकीकत दम तोड़ रही है क्या इस पर होगा गौर जनप्रतिनिधि व अधिकारी यात्राओं में पहुंचकर प्रचार-प्रसार जैसे हालात जरूर कायम करते है। एक दो फोटो हितलाभ वितरण की खिचती है योजनाओं की बात बताई जाती है सरकार की योजनाओं को लेकर जनप्रतिनिधि बाखूबी जनता को सेवायें लेने को लेकर अपनी पार्टी की दुहाई देते है। पर संच्चाई पर कौन ध्यान देगा आखिर क्या वजह है कि समस्याओं का निदान कई बार किये जाने की कोशिशे किये जा रही है। पर वास्तविकता में आम आदमी आज भी परेशानी के हालात में जब प्रतिदिन समस्याओं के निदान को लेकर कार्यालय संचालित किये जाते है तो फिर ये समस्यायें क्यों रहती है। इसकी सीधी वजह कार्यालय तो बनाये गये पर संचालित नहीं होते। जिम्मेदार नहीं मिलते वेतन भले लेते है ये हालात आखिर कार कब सुधरेगें। जिसका जो दायित्व कौन करेगा आखिर कब खुलेगीं सभी पंचायतें कार्यालयों की तर्ज पर वहीं पटवारी हल्का पर पटवारी कब मिलेगें कौन इन वास्तविकताओं को पर गौर करेगा जब वेतन इन्हें वहां पदस्थ रहने की दी जाती है तो रहते कहां है। आखिर कब तक सच्चाई से छिपाव किया जायेगा या बचाव किया जा रहा है इनका, यह तो जिम्मेदार ही जाने। अब हालात सीधेतौर पर मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव का जो फरमान है कि पटवारी हल्का पर निवास करें वहीं सचिव तो पंचायत कार्यालय के लिए ही पदस्थ किये गये तो फिर पंचायत ही जब नहीं खुलती तो सचिव का औचित्य क्या इतना ही नहीं जीआरएस के नियुक्त किये गये जो सहायक सचिव के रूप में दायित्व

# लोकसभा निर्वाचन-2024 मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को

**नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान**

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो रही हैं। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत 6 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। 6 जनवरी को ही मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। 6 से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर-

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

### 22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन-

6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप और आयोग की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### कैम्पस एम्बेसडर को सक्रिय करें

पन्ना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत 6 से 22 जनवरी तक बीएलओ द्वारा मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा कमिश्नर सागर संभाग को रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिसके तहत कैम्पस एम्बेसडर को सक्रिय किया जाना आवश्यक है। उन्होंने इस संबंध में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य सह नोडल प्राचार्य जिला पन्ना को जिले के सभी शासकीय-अशासकीय महाविद्यालयों के कैम्पस एम्बेसडर को सक्रिय करने के लिए कहा है। साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करने तथा कार्यवाही से अवगत कराने के लिए भी निर्देश दिए हैं।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा निकाली गयी जागरुकता रैली



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट धारण करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसके पालन में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात कार्य.रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे सहित यातायात पुलिस स्टाफ द्वारा जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से सम्पूर्ण शहर में मोटर-साईकिल हैलमेट रैली निकालकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, साथ ही रैली के माध्यम से संदेश प्रसारित कर आमजन को यातायात नियमों के पालन करने के साथ-साथ दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट धारण करने हेतु जागरुक किया गया। पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के तहत आमजन को हेलमेट एंव सीटबेल्ट लगाने के लाभ के विषय में बताकर लगातार जागरूक किया जा रहा है। पन्ना पुलिस की सभी वाहन चालकों से अपील है, कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट धारण करें ये आपकी सुरक्षा के लिए है, कृपया उपयोग जरूर करें। सम्पूर्ण मोटर साइकिल हेलमेट रैली में थाना प्रभारी यातायात कार्य. रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे सहित समस्त ट्राफिक पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट आर.पी. विद्यालय छात्रावास की बाउण्ड्री वॉल के निर्माण गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल





सोशल मीडिया में एक दिन की निर्माण की गई सीमेन्ट ईंट का मापदण्ड क्या उपयोग में उचित वहीं डस्ट का इस्तेमाल का मामला

**पन्ना।** जिले के उत्कृष्ठ विद्यालय में छात्रावास की बाउण्ड्री बाल में लगाई जाने वाली सीमेन्ट की ईंट जिसमें डस्ट का उपयोग भी किया जा रहा था। वहीं एक दिन की निर्मित ईंट को उपयोग को लेकर सोशल मीडिया मेंखबर चर्चा का विषय बनी हुई थी। इस मामले को लेकर जब संबंधित विभाग पी.आई.यू. के कार्यपालन यंत्री जे.पी. सोनकर से बात की गई तो आपने यह कहा कि डस्ट का उपयोग जो किया जा रहा था उसको बंद करा दिया गया है। यानि की डस्ट का उपयोग किया जा रहा था इसकी पुष्टि सीधेतौर होती हैवहीं एक दिन के ईंट के निर्माण में लगाये जाने के मामले में कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू. जे.पी. सोनकर ने यह कहा कि 4500 ईंट पहले से रखी है जो लगाई जा रही हैं वहीं इस बात को लेकर यह माना जा रहा है कि प्रतिदिन जो मशीन के द्वारा जो ईंट बनाई जा रही है वह वर्तमान में कितनी स्टॉक को लेकर रखी गई है वह कितने दिन से रखी है यानि की ईंट के निर्माण व उपयोग के समय को लेकर अभी भी कहानी बनी हुई है। मामला उत्कृष्ठ विद्यालय पन्ना आर.पी. में बन रहे छात्रावास की बाउण्ड्री बॉल के निर्माण का है। इस छात्रावास के निर्माण को लेकर कॉन्टेक्टर योगेन्द्र शुक्ला बताये जा रहे है जो छात्रावास की बाउण्ड्री बॉल का निर्माण कार्य कर रहे है। छात्रावास में निर्माणाधीन बाउण्ड्री बॉल का मामला जहां सोशल मीडिया की सुर्खियो में जरूर आ गया है। अब यह तो पी.आई.यू. विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही इसकी गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदारी का निर्वाहन कर सकते है वहीं संबंधित कॉन्टेक्टर जो कार्य कर रहे है इस बात को लेकर कितनी उपयोगी डस्ट व एक दिन की ईंट के निर्माण के बाद दिवाल बनाई जानी चाहिए या कि नहीं या कितने दिन पुराने ईंट संबंधित बाउण्ड्री बॉल में उपयोग की जा रही है। यह तो जिम्मेदार ही जाने। साथ ही इस मामले में संबंधित कॉन्टेक्टर योगेन्द्र शुक्ला से बात करने के लिए प्रयास किया गया जिनसे बात मोबाईल पर नहीं हो सकी। अब इस मामले में क्या सच्चाई है यह तो मॉनीटरिंग करने का विषय जरूर है। छात्रावास की बाउण्ड्री बॉल निर्माण को लेकर गुणवत्ता का सवाल तो प्रश्न चिन्ह के रूप में सामने आ गया यह तो जिसका जवाब संबंधित जिम्मेदार अधिकारी व कॉन्टेक्टर ही दे सकते है।

# जैन महापंचायत जिला पन्ना समिति का निर्वाचन श्रेयांश गिरी में सम्पन्न

**पन्ना/पवई** - पन्ना जिला अंतर्गत अलग-अलग शहरों, नगर- शहरों की जैन समाज के सैकड़ो गणमान्य नागरिकों एवं समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में एक जनवरी 2024 सोमवार को, पूर्व निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नियम अनुसार, निर्वाचन अधिकारी पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार जैन सलेहा, सुकुमाल चंद्र जैन गुनौर, वीरेंद्र कुमार जैन पन्ना टिकुरिया, के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया कराई गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु सुरेंद्र कुमार जैन (कल्लू भैया) देवेंद्रनगर का नाम प्रस्तावित किया गया। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने दोनों हाथ उठाकर सुरेंद्र कुमार जैन



कल्लू भैया देवेंद्र नगर को मतदान करते हुए अध्यक्ष चुना गया। पांच उपाध्यक्ष पद हेतु प्रबल कुमार जैन गुनौर , मुकेश कुमार जैन अजयगढ़, सुनील कुमार जैन पवई एल आई सी, इंद्रेश कुमार जैन सलेहा, अजय कुमार जैन रैपुरा का चयन किया गया। जैन महापंचायत पन्ना समिति के महामंत्री पद हेतु शैलेंद्र कुमार जैन (डब्बू सर) देवेंद्र नगर, एवं पांच मंत्री पद हेतु, शनि जैन बड़कुल पटवारी कुवरपुर, राहुल जैन बृजपुर, नरेंद्र कुमार जैन अमानगंज, कमल जैन (मंटू) द्वारी, सुनील कुमार जैन महेवा, एवं कोषाध्यक्ष राहुल जैन (अप्पी) देवेंद्रनगर, सह कोषाध्यक्ष नवीन कुमार जैन इटवां , मुनि व्यवस्था संयोजन समिति प्रमुख शुभम जैन माइकल देवेंद्रनगर, सचिन जैन लकी पवई, अशोक कुमार जैन नारायणपुरा, मंजू जैन सलेहा, राजेंद्र कुमार जैन भुट्टे भैया पन्ना, अजित कुमार जैन कुंवरपुर ग्रा पंचा सचिव, मीडिया प्रभारी अजित कुमार जैन पत्रकार पवई, एवं जैन महापंचायत पन्ना के लिए संरक्षक सदस्य राजकुमार जैन अजयगढ़, नरेंद्र कुमार जैन गुनौर, प्रेमचंद जैन देवेंद्रनगर, सुभाष चंद्र जैन पन्ना, प्रमोद कुमार जैन सलेहा को सर्वसम्मति से चयन किया गया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अजित कुमार जैन पत्रकार पवई ने बताया कि जिला स्तर पर जैन समाज के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक , एवं साधु संतों की उचित व्यवस्था , सुरक्षा आदि के लिए सजग रहकर कार्य करने हेतु, जैन महा पंचायत समिति पन्ना का गठन किया गया, जिसमें एक अध्यक्ष, एक कार्यकारी अध्यक्ष, पांच उपाध्यक्ष, महामंत्री, पांच मंत्री, कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष, छै मुनि सेवा व्यवस्था संयोजन समिति प्रमुख, मीडिया प्रभारी, एवं पांच वरिष्ठ संरक्षक सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से निर्वाचन प्रक्रिया के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार चुनाव अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन सम्पन्न कराया गया। एवं चयनित सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई।



# शिव गोविन्द लोधी की मौत का मामला बना जांच का विषय

**दो दिन पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट 4 जनवरी को संदिग्ध परिस्थिति में पानी की टंकी में मिला शव**

**पन्ना/सलेहा।** सलेहा थानांतर्गत ग्राम हरीरा में पानी की टंकी में गुरुवार 4 जनवरी को को संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया ।तलासी कर रही पुलिस ने शव को पानी की टंकी से सुरक्षित निकाल कर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिनाख्त के बाद व्यक्ति की पहचान हरीरा निवासी भारत लोधी पिता अनिरुद्ध लोधी उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई। 2 जनवरी को व्यक्ति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ हो सकेगी। सलेहा थाना में दर्ज की कराई गई थी गुमशुदगी पुलिस के मुताबिक, शिवगोविंद लोधी ने बताया कि उसका भाई भारत लोधी 1 जनवरी को खेत मे बसने के लिए बता कर घर से निकला था फिर इसके बाद लौट कर नही आया परिचितों, रिश्तेदारों के यहां खोजने के बाद भी कुछ पता नहीं चला । 2 जनवरी को सलेहा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थानाप्रभारी सलेहा के मुताबिक हरीरा में पानी की टंकी में शव मिला है पुलिश ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है 2जनवरी को उसकी गुमशुदगी दर्ज थी और हम तलासी कर रहे थे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## खबर संक्षेप

### आधा दर्जन फरार अपराधियों पर एसपी अमित सांघी ने किया घोषित इनाम



**छतरपुर।** जिले के आधा दर्जन कुख्यात फरार अपराधियों की गिरफ्तारी अथवा सूचना देने वाले को इनाम देने की घोषणा गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा की गई है। श्री सांघी ने बताया कि जो भी व्यक्ति इन अपराधियों की सूचना देगा अथवा इनकी गिरफ्तारी में सहयोग करेगा उसे पुलिस की ओर से इनाम दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरार आरोपी संतोष पिता छंगू बढ़ई उम्र करीब 55 वर्ष, शैलेन्द्र उर्फ शीलू पिता संतोष बढ़ई उम्र करीब 25 वर्ष, कपिल पिता संतोष बढ़ई उम्र करीब 23 वर्ष, नीलेश पिता संतोष बढ़ई उम्र करीब 21 वर्ष सभी निवासीगण ग्राम डहर्रा थाना राजनगर पर तीन-तीन हजार का इलाम घोषित किया गया है। इसके अलावा ऋषि पुत्र नाथूराम मिश्रा निवासी नारायणपुरा रोड सीताराम कॉलोनी छतरपुर थाना कोतवाली पर 5 हजार रूपये एवं एक अज्ञात आरोपी पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है।

### कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र छात्राओं को मिलेगा योजना का लाभ

**कटनी।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत जिले के ओबीसी, डीएनटी वर्ग के कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिये ऑनलाईन आवेदन हेतु एनएसपी पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। योजना के तहत आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05 जनवरी 2024 निर्धारित है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक किसान कल्याण नें जिले के पात्र विद्यार्थी से योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करनें तथा इस कार्य में सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्या से छात्र-छात्राओं को सहयोग प्रदान करने हेतु कहा है। योजना के संबंध में पात्रता संबंधी जानकारी एनएसपी पोर्टल पर उपलब्ध है। आपनें जिले के पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय - सीमा में पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### मप्र कौशल प्रतियोगिता के लिये पंजीयन 7 जनवरी तक

**कटनी।** इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत मध्यप्रदेश कौशल प्रतियोगिता के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 07 जनवरी 2024 है उक्त प्रतियोगिता में वे ही उम्मीदवार सम्मिलित हो सकते है, जिनका जन्म जनवरी 2002 के बाद हुआ है।

## काली मिट्टी से बने बेस, पुराने जंग लगे सरिया से बन रहा भवन कितना होगा मजबूत, सुरक्षित?

# टीबी अस्पताल परिसर में 19 करोड़ 36 लाख की लागत से बन रहा सिविल अस्पताल भवन



**नौगांव।** शहर के टीबी अस्पताल में 19 करोड़ 36 लाख की लागत से निर्माणाधीन सिविल अस्पताल के भवन में ठेकेदार के द्वारा अर्थवर्क में अनुबंध के अनुसार कार्य न कर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य चल रहा है। कंसस्ट्रक्सन कंपनी के जेई अर्थवर्क में मिट्टी का उपयोग करने की बात कह रहे हैं, जबकि एमपीबीडीसी के एजीएम एसडीओ हार्ड कोपरा (यानि स्टोन युक्त मिट्टी) का उपयोग करने की बात कह रहे हैं, अब ऐसे में जब नीव ही कमजोर रहेगी तो इमारत कैसे मजबूत बनेगी। प्रदेश शासन ने शहर में सिविल अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए मध्य प्रदेश भवन विकास निगम के माध्यम से 19 करोड़ 36 लाख की लागत से झांसी की फर्म मेसर्स सुरेश चंद्र गुप्ता से टेंडर के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें 50 बेड का दो मंजिला सिविल अस्पताल का भवन बन रहा है। जिसमें ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण के दौरान ठेकेदार के द्वारा अभी अर्थवर्क के साथ फिलिंग कर लेवलिंग का कार्य किया जा रहा है तो वहीं भवन के बाएं तरफ छत डालने की तैयारी की जा रही है। ठेकेदार के द्वारा अर्थवर्क के दौरान अनुबंध अनुसार कार्य न कर काली मिट्टी से पुराव किया जा रहा है, काली मिट्टी के ऊपर स्टोन युक्त मुरम डालकर 40 एमएम का बेस डालकर कार्य को निपटाया जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार की दोपहर हरिभूमि संवाददाता ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तो मौके पर मिले ठेकेदार कंपनी के जेई से जब इस संबंध में बात की गई तो उनका कहना है अर्थवर्क में मिट्टी का उपयोग कर सकते हैं, मिट्टी के बाद 8 इंच मुरम से पुराव कर लेवलिंग करने के बाद ही 40 एमएम सहित अन्य आरसीसी डाली जाती है। लेकिन जब हरिभूमि टीम के द्वारा सरिया से पिचिंग कार्य की माप जानने की कोशिश की तो मुरम का मात्र दो से तीन इंच का ही निकला। इस पर ठेकेदार के कर्मचारी ने कहा कि काम ऐसे ही चलता है। उन्होंने बेस निर्माण में यही मटेरियल उपयोग करने की बात कही । अब ऐसे में सवाल उठता है कि जब नीव ही कमजोर बनेगी तो बहुमंजिला इमारत कैसे टिक पाएगी। निर्माण कार्य के दौरान साइट पर निगम का कोई भी अधिकारी एवं तकनीकी कर्मचारी मौके पर नहीं मिला। जिससे ऐसा प्रतीत होता है भवन निगम ने ठेकेदार को घटिया किस्म के मटेरियल का उपयोग करने की मौन सहमति दे दी हो। जिसके चलते ठेकेदार के द्वारा निर्माण के दौरान कार्य में रेत गिट्टी, सीमेंट का सही अनुपात में न मिलाकर अपनी मनमर्जी करते हुए धड़ल्ले से गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते ठेकेदार बेखौफ होकर घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन भवन तैयार किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में भवन जल्द क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। लोगों ने यह भी बताया कि निर्माण स्थल पर एस्टीमेट एवं डीपीआर का निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाकर सार्वजनिक किया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार ने बोर्ड नहीं लगाया है। इस मामले में एमपीबीडीसी के एजीएम सीएम मिश्रा के अनुसार पिचिंग एवं लेवलिंग के कार्य हार्ड कोपरा का उपयोग होना चाहिए। काली मिट्टी का उपयोग पूरी तरह से गलत है, ऐसा नहीं होना चाहिए। यदि अर्थवर्क लेवलिंग के कार्य में काली मिट्टी का प्रयोग किया जाता है तो वह गलत है।

### साइट पर निर्माण संबंधी कोई बोर्ड नहीं -

ठेकेदार बेखौफ होकर घटिया किस्म की सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन भवन तैयार किया जा रहा है। ऐसे में भविष्य में भवन जल्द क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। लोगों ने यह भी बताया कि निर्माण स्थल पर एस्टीमेट एवं डीपीआर का निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाकर सार्वजनिक किया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार ने बोर्ड नहीं लगाया है। ठेकेदार के द्वारा कार्यस्थल पर न एस्टीमेट एवं डीपीआर सहित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी का बोर्ड न लगाकर कार्य को निपटाया जा रहा है।

### पुराने एवं जंग लगे सरिया से हो रहा भवन निर्माण -

सिविल अस्पताल के बन रहे भवन की चटाई में हरिभूमि टीम को पुराने जंग लगे सरिया निर्माण में उपयोग होते मिले तो वहीं नया सरिया भी बारिश के पानी से जंग लगकर खराब हो रहा है, और ठेकेदार के कर्मचारी इसी जंग लगे एवं पुराने भवन के निकले सरिया का उपयोग कर नए भवन का निर्माण कर रहे हैं। जंग लगे सरिया से भवन कितना मजबूत बनेगा यह तो भविष्य बताएगा। लेकिन इतना जरूर है कि भवन बनने के बाद अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज के ऊपर इस जंग लगे सरिया की इमारत गिरने का खतरा अवश्य मंडराता रहेगा।

### जिला कलेक्टर की पहल पर टीबी अस्पताल में बन रहा नया भवन -

आगामी भविष्य एवं बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए जिला कलेक्टर संदीप जीआर ने सिविल अस्पताल के नए भवन को टीबी अस्पताल परिसर में निर्माण करने की संभावनाएं तलाशने जांच कमेटी नियुक्त की थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम के माध्यम से जिला कलेक्टर को भेजी। जिला कलेक्टर संदीप जी आर की रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने टीबी अस्पताल परिसर में सिविल अस्पताल के नए भवन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया था।

### एमपीबीडीसी 19 करोड़ 36 लाख में से 11 करोड़ निर्माण पर कर रही खर्च -

मध्य प्रदेश भवन विकास निगम ने प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर शहर के सिविल अस्पताल में 19 करोड़ 36 लाख 87 हजार रुपए की स्वीकृति के आधार पर भवन निर्माण के लिए 11 करोड़ 34 लाख 86 हजार रुपए, उपकरण खरीदी के लिए 7 करोड़ 93 लाख 87 हजार एवं फर्नीचर के लिए 8 लाख 14 हजार रुपए के बजट का ठेका दे दिया। जिसमें निर्माण कार्य जारी है।

### इनका कहना है -

पिचिंग एवं लेवलिंग के कार्य में मिट्टी का उपयोग गलत है, हम मामले को दिखवाते हैं, यदि ऐसा पाया जाता है, तो कार्यवाई की जाएगी।

**सुनील दगदी**
**संभागयुक्त उपमहाप्रबंधक**
**मध्य प्रदेश भवन विकास निगम, छतरपुर**

# सर्द हवाओं से ठिठुर रहा पूरा जिला, प्रभावित हो रहा जनजीवन



**शाम होते ही छा रही कोहरे की चादर**

**छतरपुर।** इन दिनों पूरा जिला सर्द हवाओं से ठिठुर रहा है। बुधवार और गुरूवार की दरम्यानी रात घना कोहरा रहा और सुबह से भी 11 बजे तक अदृश्यता रही। पिछले लगभग एक सप्ताह से लोगों को सूर्य के दर्शन नहीं हुए हैं जिसके चलते अब आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है।उल्लेखनीय है कि गुरूवार को जिले का सबसे ठंडा शहर नौगांव रहा जहां का न्यूनतम तापमान 11 से 12 डिग्री के बीच अंकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि शीतल लहर के चलते पिछले दो-तीन दिनों में तापमान में भारी गिरावट हुई है जिसके चलते लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। स्कूलों में पढने वाले छोटे बच्चों के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश अभी 5 जनवरी तक था लेकिन लगातार बढ़ रही ठंड के चलते यह अवकाश बढ़ाए जाने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग ने भी छतरपुर जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया है। संभावना है कि आज-कल में जिले में बारिश हो सकती है। लोग ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों, हीटर और अलाव का उपयोग कर रहे हैं। वहीं नगर पालिका द्वारा भी चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

# 68 वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामिंट का चल रहा आयोजन



**राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम क्रिकेट के कुंभ में कानपुर और नोएडा ने जीते अपने मुकाबले**

**नौगांव।** क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले राजा यादवेन्द्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित होने वाले 68वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को तीसरे दिन पहला मुकाबला कानपुर और नौगांव के मध्य जबकि दिन का दूसरा मुकाबला गत वर्ष की विजेता दिल्ली और गत वर्ष की उपविजेता नोएडा के मध्य खेला गया। जिसमें दिन का पहला मुकाबला कानपुर तो दूसरे मुकाबले में नोएडा ने जीत दर्ज की है।

नगर पालिका परिषद द्वारा राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम के टर्फ विकेट पर 68 वें मेला महोत्सव के तहत आयोजित किये जा रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामिंट के क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी और मीडिया प्रभारी अभिषेक टीनू पटैरिया ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण गुरुवार के दोनों मैच 20 की जगह 15ओवर के कराए गए। जिसमें पहला मुकाबला नौगांव इलेवन और कानपुर के मध्य खेला गया। जिसमें नौगांव इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नौगांव इलेवन ने निर्धारित 15 ओवर में 07 विकेट खोकर 120 रन बनाते हुए जीत के लिए कानपुर को 121 रनों का लक्ष्य दिया। नौगांव इलेवन की ओर से नदीम अंसारी ने सर्वाधिक 30, कलीम अंसारी ने 27 और देवाशीष ने 20 रन अपने टीम के लिए बनाए। कानपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विनायक और आदित्य ने 02,02 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर ने 13.3 ओवर में 04 विकेट खोकर आसानी से इस मैच को 06 विकेट से जीत लिया। कानपुर के बल्लेबाज हर्षित ने 45 और तन्मय ने 29 रन बनाए जबकि नौगांव से गेंदबाजी करते हुए सतेंद्र जड़िया ने 02 और नदीम अंसारी ने 01 विकेट लिया। मैच में निर्णायक भूमिका में मैन अंपायर प्रशांत नामदेव और लेग अंपायर की भूमिका में अमित बिछोले रहे। दिन का दूसरा मैच गत वर्ष की विजता दिल्ली और गत वर्ष की उपविजेता नोएडा के मध्य खेला गया। जिसमें दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नोएडा ने निर्धारित 15 ओवर में 05 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाए और जीत के लिए दिल्ली को 139 रनों का लक्ष्य दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नोयडा की ओर से अभय चौहान ने सर्वाधिक 37 रन, सुमित गोली ने 33, सागर ने 24 रन और मयंक यादव ने 21 रन बनाए, जबकि दिल्ली से गेंदबाजी करते हुए गौरव तोमर ने सर्वाधिक 04 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली टीम 08 विकेट खोकर मात्र 77 रन ही बना सकी और नोएडा ने इस मैच को 61 रनों से जीत लिया, दिल्ली की ओर से संजीव सिंह ने 21 और निशांत ठाकुर ने 19 रन बनाए, दिल्ली के दो बल्लेबाजों को छोड़कर कोई भी खिलाड़ी अपना स्कोर दो अंकों तक नहीं पहुंचा सका। नोएडा की ओर से गेंदबाजी करते हुए लोकेश नागर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 03 ओवर में 01 मेडन ओवर करते हुए 03 विकेट लिए। स्पर्श जैन ने 02 जबकि अंकित नागर, सुमित गोली और अभय चौहान ने 01,01 विकेट लिए। इस मैच में निर्णायक भूमिका में मैन अंपायर नितिन तिवारी और लेग अंपायर प्रतीक सक्सेना रहे। पहले मैच में मेन ऑफ द मैच कानपुर के हर्षित और दूसरे मैच में मेन ऑफ द मैच नोएडा के लोकेश नागर रहे जिन्हें सुंदर लाल तिवारी एसोसिएट के डायरेक्टर सुशील तिवारी (कक्का) की ओर से 1- 1 हजार की नगद राशि पुरूस्कार के 1- 1 हजार की नगद राशि पुरूस्कार के रूप में प्रदान की गई। कमेंट्रेटर की भूमिका में जय कुमार दुबे, सुशील कुमार वैद्य , मनोज कुशवाहा, अरशद इकबाल, और फैजल खान रहे। जबकि स्कोरर की भूमिका में जावेद आलम, अर्पित नायक और यतेंद्र सिंह सेंगर रहे।सहयोगियों में सोनू जैन, अशोक तिवारी, बुल्ली राजा, प्रशांत नामदेव, सुशील तिवारी, अरविंद यादव, जुगल सचान,रज्जन अवस्थी, सिल्लू गुप्ता, बल्कू पाठक, केदार आनंद तिवारी, अमित चंदेल मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी नहीं मिला भीमकुंड में डूबे युवक का शव



**बड़ामलहरा।** दो दिन पहले यानि कि 2 जनवरी को क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भीमकुंड में कानपुर के रहने वाला एक युवक डूब गया था। घटना के बाद से लगातार युवक के शव को ढूंढ़ा जा रहा है लेकिन अभी तक युवक का शव नहीं मिल सका है। वहीं युवक के परिजनों ने रेस्क्यू दल और प्रशासन पर लापरवाही करने के आरोप लगाए हैं।उल्लेखनीय है कि 2 जनवरी को भीमकुंड का भ्रमण करने आए उत्तरप्रदेश के कानपुर निवासी रिजु शंकर चौरसिया कुंड में डूब गया था। घटना के बाद से एसडीआरएफ की तीन टीमों द्वारा उसके शव को ढूंढने के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है लेकिन अभी तक युवक का शव नहीं मिला सका है। तीसरे दिन गुरूवार को युवक के परिजनों ने आरोप लगाया कि टीमें ठीक ढंग से शव की तलाश नहीं कर रही हैं और टीमों के पास रेस्क्यू के पर्याप्त संसाधन भी नहीं है, जिस कारण से अभी तक शव नहीं मिला है।

# ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने पद यात्रा कर रहा रामभक्तों का जत्था



**छतरपुर।** आने वाले 22 जनवरी को उत्तरप्रदेश के अयोध्या में निर्मित हुए रामलला के नए मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर संपूर्ण देश में उत्साह का माहौल है। लोग पैदल यात्राएं करते हुए अयोध्या के लिए रवाना हो रहे हैं और 22 जनवरी को कार्यक्रम में शामिल होकर ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। ऐसा ही रामभक्तों का एक जत्था सागर जिले की बंडा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा दौलत से अयोध्या तक करीब 525 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहा है। गुरूवार को यह जत्था छतरपुर पहुंचा जहां लोगों ने उनका अभिनंदन किया। पैदल यात्रा कर रहे जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि अपने 6 अन्य साथियों के साथ 1 जनवरी को अपने गांव से यह यात्रा प्रारंभ की थी। उन्हें 22 जनवरी से पहले अयोध्या पहुंचना है। जोगेन्द्र के मुताबिक वे अपने साथ कपड़े और कुछ खाने-पीने का सामन लेकर आगे बढ़ रहे हैं। रात के समय जो भी गांव मिलता है वहां पर विश्राम करते हैं और अगले दिन ब्रह्ममुहूर्त में पुनः अपनी यात्रा प्रारंभ करते हैं। सभी रामभक्त हाथ में श्रीराम नाम की पताका लिए अपने गंतव्य की ओर अग्रसल हैं, संभवत 20 जनवरी को यह जत्था अयोध्या पहुंच जाएगा। यात्रा में जोगेन्द्र सिंह के अलावा उन्हीं के गांव के भगवान सिंह, रघुनदंन, रामनाथ यादव, सुदामा यादव, बैजनाथ प्रसाद रैकवार और चउदे अहिरवार शामिल हैं।

# आदिवर्त संग्रहालय गांव में शुरू हुई 10वीं शलाका जनजातीय चित्र प्रदर्शनी

**भील समुदाय के मुकेश बारिया के चित्रों की लगी प्रदर्शनी**



**खजुराहो।** आदिवत्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा नवनिर्मित जनजातीय गांव में प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में 3 जनवरी 2024 से भील समुदाय के चित्रकार मुकेश बारिया के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। उक्त चित्र प्रदर्शनी 30 जनवरी,2024 तक निरंतर लगी रहेगी। मुकेश बारिया झाबुआ जिले के बावड़ी ग्राम से भील समुदाय के युवा चित्रकार हैं मुकेश बारिया ने भोपाल आकर चित्रकला प्रारम्भ की शुरुआत में बनाए हुए चित्रों की प्रतिकृतियाँ बनाने का अभ्यास किया। फिर धीरे-धीरे स्वयं की शैली विकसित कर लa। मुकेश पिछले लगभग पन्द्रह वर्षों से चित्रकारी कर रहे हैं और अपने जीवनानुभवों और जातीय संस्कार-बोध को रूपाकार दे रहे हैं। मुकेश के चित्रों में पशु-पक्षी,पेड़-पौधे एवं अपने पास-पड़ोस के वातावरण की झलक प्रमुखता से दिखाई देती है दिल्ली, मैसूर, बैंगलोर, हैदराबाद एवं विभिन्न कला-प्रदर्शनियों एवं चित्र-शिविरों में सक्रिय भागीदारी की है,मुकेश की कई प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के संग्रह में कला-कृतियों को संकलित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज करेंगे 337 करोड़ के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 5 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री जन आभार यात्रा में शामिल होने के बाद एनसीसी मैदान में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। आमसभा में मुख्यमंत्री 337 करोड़ 90 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री 326 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत के 40 शिलान्यास करेंगे। इसमें 40 सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री 11 करोड़ 36 लाख 40 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें दो स्कूल भवन, केन्द्रीय जेल रीवा की आठ बैरकें तथा नगर निगम रीवा में सड़कों के सुधार एवं नाला निर्माण के 6 कार्य शामिल हैं।

### सुमेश ने किया मऊगंज को गौरवान्वित चन्द्रप्रभा गुप्ता



**मऊगंज ।** जिले के छोटे से गांव दुबगवां के सुमेश द्विवेदी ने संघ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित 2019 की एमपीपीएससी परीक्षा की वरीयता सूची में 15वां स्थान हासिल कर समूचे मध्यप्रदेश में मऊगंज जिले का मान बढ़ाया है उनकी इस उपलब्धि पर नगर परिषद मऊगंज की पूर्व अध्यक्ष चन्द्रप्रभा गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति की सदस्य श्रीमती गुप्ता ने कहा है कि सुमेश ने डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी भी प्रकार की सुख सुविधाओं के मोहताज नहीं होती जिसका जीवंत उदाहरण मऊगंज के छोटे से गांव में पले बढ़े सुमेश द्विवेदी को देखकर लगाया जा सकता है। में सफलता प्राप्त करते हुए मऊगंज को गौरवान्वित किया है।

### नानी के यहां घूमने आई किशोरी के साथ दुष्कर्म

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र का मामला है।लेकिन इससे पहले नईगढ़ी पुलिस पर टालमटोल के आरोप भी लगे है। वैसे भी अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर पुलिस की मनमानी और लापरवाही के अक्सर मामले सामने आ रहे जिससे परेशान पीड़ति थाना प्रभारी से न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।तब जाकर लोगो को न्याय मिल रहा। ऐसा ही एक मामला मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र का आया है जहां नानी के यहां घूमने आई किशोरी के साथ दुष्कर्म करने जैसी घटना को अंजाम दिया जिस समय यह घटना घटित हुई उस समय किशोरी घर में अकेली थी। नाना नानी रिश्तेदारी में त्रयोदशाह कार्यक्रम में गए हुए थे। तभी आरोपी घर के अंदर प्रवेश किया तथा उसके अन्य दो साथी घर की पहरेदारी करने लगे ।लेकिन लड़की के हल्ला गुहार करने के बाद गांव के ही किसी व्यक्ति ने आवाज सुनी और घर के अंदर से दोनों लोगों को पकड़ लिया इसके बाद नईगढ़ी थाना पुलिस को जानकारी दी गई और नईगढ़ी पुलिस दिनांक 2 जनवरी 2024 को रामजी पटेल को गिरफ्तार कर नईगढ़ी थाने लाई। और परिजनों का आरोप है कि आरोपी को छोड़ दिया गया था। लेकिन इस मामले कि जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने गम्भीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये।

### जिले में अब तक 698392.19 क्विटल धान की हुई खरीदी

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकारी मीनांक्षी इंगले ने बताया कि जिले में धान उपार्जन का कार्य 42 खरीदी केन्द्रों में किया जा रहा है। जिले मे आज दिनांक तक 11884 किसानों से 698392.19 क्विटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

## आरोप अतरैला पुलिस की मिलीभगत से रेत माफिया धड़ल्ले से कर रहे रेत का व्यापार

# टमस नदी में बेखौफ हो रहा रेत का खनन, ओवरलोड डंपर बने हादसों का सबब तो सड़कें भी हो रहीं छलनी

**रीवा।** तराई क्षेत्र में लंबे समय से जीवनदायिनी टमस नदी से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। रेत माफियाओं के आतंक भरे माहौल से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस कालाबाजारी में दिनरात रेत पर की ढुलाई कर लाखों रुपए की रायल्टी बचा कर शासन को चूना लगाया जा रहा है। इसमें पुलिस और दलाल मिलकर अवैध काम कर रहे हैं। अवैध रेत उत्खनन, परिवहन करने वालों पर स्थानीय और जिला प्रशासन कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। खुलेआम धड़ल्ले के साथ अवैध रेत उत्खनन और परिवहन कर ऊंचे दरों में विक्रय किया जा रहा है। तराई क्षेत्र अतरैला थाना अंतर्गत के अंदर प्रतिदिन लगभग सैकड़ों गाड़ियां रेत का परिवहन कर रही है। अतरैला के अंदर अवैध रेत का भंडारण करने वालों की कमी नहीं है। काफी लोग रेत का भंडारण कर रहे हैं। वहीं, अतरैला पटेहरा कोनीकला जवा के टमस नदी से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में रेत का



अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। जिम्मेदार विभाग पूरी तरह मौन हैं। शिकायत किए जाने पर कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसकी वजह से अवैध खनिज माफिया लोग अल्प समय में अब अकूल संपत्ति इकट्ठा कर लिए हैं, शिकायत करने पर धमकी और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। अतरैला थाना अंतर्गत में खनिज माफिया द्वारा टमस के नदी से रोजाना सैकड़ों ट्राली रेत निकाल रहे हैं। खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते खनिज माफिया सक्रिय हो रहे हैं। इससे राजस्व विभाग को चूना लग रहा है। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद वे चुप्पी साधे हुए हैं। लेकिन अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अवैध उत्खनन करने वालों खनन माफियाओं द्वारा की स्थानीय थाना पुलिस को मोटी रकम अदा करते है यदि कहा जाए तो पुलिस के संरक्षण में क्षेत्र से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत का खनन धड़ले से कर रहे हैं।

## शासन की योजनाओं से लाखों हितग्राही हुए लाभान्वित

**रीवा।** रीवा जिले में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं से लाखों हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बनी लाड़ली लक्ष्मी योजना से एक लाख 38 हजार 176 बेटियों को लाभान्वित किया गया है। लाड़ली बहना योजना से चार लाख 10 हजार 996 महिलाओं को 3287 करोड़ 96 लाख 8 हजार रुपए अब तक दिए जा चुके हैं। इस योजना से हर महीने की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में राशि जारी की जाती है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से 12 हजार रुपए की राशि हर साल दी जा रही है। इन दोनों योजनाओं का लाभ जिले के दो लाख 7 हजार 77 किसानों को मिल रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाखों परिवारों को पक्के मकान की सौगात दी गई है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से एक लाख 49 हजार 688 तथा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से 18 हजार 675 गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं। गरीब परिवारों को हर साल 5 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा देने के लिए जिले में 11 लाख 459 व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। अब तक एक लाख 5 हजार 83 हितग्राहियों ने आयुष्मान कार्ड का उपयोग करके 146 करोड़ 83 लाख रुपए की उपचार सहायता प्राप्त की है। इससे उन्हें हृदय रोग, किडनी, मानसिक रोग तथा अन्य गंभीर रोगों के उपचार की सहायता मिली। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में की गई 2022 एन्जियोप्लास्टी में से 1500 आयुष्मान कार्डधारी रोगियों की थी। रीवा जिले में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत दो लाख 78 हजार 92 परिवारों को खाद्यान्न पर्ची जारी की गई है। इनके 12 लाख 25 हजार 428 सदस्यों को हर माह 5 किलो निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2023 में आयोजित रोजगार मेलों से 12 हजार 325 युवाओं को रोजगार का अवसर मिला। किसानों के लंबित ऋणों की ब्याजमाफी योजना के तहत 16221 किसानों को 22 करोड़ 76 लाख रुपए की ब्याज की राशि माफ कर उन्हें लाभान्वित किया गया।

## जिले मे कैंसर यूनिट कि जल्द होगी शुरुआत

**रीवा ।** रीवा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए भोपाल से 6 सदस्यीय टीम गुरुवार को रीवा मेडिकल कॉलेज पहुंची भोपाल से आई टीम ने श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ ही गांधी मेमोरियल अस्पताल और संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विकास की अन्य संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। ज्ञात हो कि रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को 400 बिस्तर का बड़ा अस्पताल बनाया जाना है। इसके लिए भोपाल से आई टीम ने निरीक्षण करते हुए जानकारी एकत्र की है। निरीक्षण के समय मेडिकल कॉलेज के डीन मनोज इंदुरकर, अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्र के साथ ही



अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। बताया जाता है कि रीवा मेडिकल कॉलेज परिसर में अलग से कैंसर का अस्पताल बनाया जाएगा। जहां पर रोगियों की बेहतर देखरेख होगी। कैंसर अस्पताल खोलने के लिए भोपाल से आई टीम ने स्थान का मूल्यांकन किया है।बताया गया है कि भोपाल से आई टीम निरीक्षण के पश्चात मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जानकारी एकत्र की। रीवा मेडिकल कॉलेज में विंध्य क्षेत्र के तमाम रोगी इलाज के लिए आते हैं। इस क्षेत्र में कैंसर अस्पताल की अत्यधिक आवश्यकता है। कैंसर का समुचित इलाज न होने की वजह से रीवा, सीधी, सतना, शहडोल, उमरिया, पन्ना के रोगियों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। लेकिन रीवा मेडिकल कॉलेज में कैंसर अस्पताल खुल जाने के बाद रोगियों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी।

## सीएम कार्यालय से जिला प्रशासन को पहुंचा पत्र, 12: 25 पर हवाई मार्ग से रीवा आयेंगे सीएम, प्रशासन हुआ मुस्तैद

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव के रीवा प्रथम आगमन की अफवाहें बीच-बीच में उड़ती रही। अफवाहों को लेकर चर्चा बना रहता था जिस पर गुरुवार की शाम विराम लग गया। प्रशासन सीएम के प्रथम रीवा आगमन को लेकर बीते तीन दिन से तैयारी में जुटा रहा। लेकिन उसमें इस बात को लेकर शंका भी बनी रही कि मुख्यमंत्री कार्यालय से अभी तक सीएम के आने का कोई प्रोटोकाल नहीं आया। प्रोटोकाल का इंतजार किये बिना एक ओर जहां कलेक्टर समस्त विभागों को तैयार रहने का फरमान जारी किया वहीं दूसरी ओर गुरुवार के दिन पुलिस कंट्रोल रूम में दोनो एएसपी ने रीवा संभाग के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुए उनके दायित्वों की जानकारी दी। आखिरकार वो समय भी आ गया जिसका प्रशासन बेसब्री से इंतजार करता रहा। सीएम कार्यालय से आई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव दोपहर 12: 25 मिनट पर हैलीकाप्टर से रीवा पहुंचेगे। हैलीकाप्टर की यात्रा सीएम जबलपुर हवाई अड्डे से रीवा के लिए करेंगे, जबलपुर तक वे हवाई जहाज से आयेंगे। रीवा पहुंच कर सीएम डॉ. मोहन सिंह यादव काफिले के साथ जन आभार यात्रा में निकलेंगे जो कॉलेज चौराहा के विवेकानंद पार्क से शुरू होकर शिल्पी प्लाजा होते हुए सांई मंदिर पहुंचेगा। दोपहर 1 बजकर 30 मिनट में एनसीसी ग्राउंड में जनसभा को संबाधित करने के बाद लंच एंव विश्राम करने राजनिवास जायेंगे। एक घंटे के विश्राम के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय के मोहनसभागार में संभागीय बैठक लेगे। और उसके बाद जबलपुर होते हुए राजधानी लौट जायेंगे। इस दौरान चप्पे-चप्पे से पुलिस सहित कई सुरक्षा एजेंसियों का सख्त पहरा बिछा होगा।



## कोदो कुटकी के फायदे गिनाने युवा किसान कर रहा 4200 किमी का साइकिल से सफर

**उमरिया।** पूरे देश में श्री अन्न (कोदो, कुटकी, सामा, रागी, मडुआ, काकुन, कंगनी) के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने और दैनिक आहार में शामिल कराने साइकिल मैन के नाम से विख्यात हरियाणा निवासी युवा किसान नीरज प्रजापति साइकिल से कश्मीर से कन्याकुमारी के सफर पर निकले हैं। नीरज 03 जनवरी को उमरिया पहुंचें, जहां कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के साथ अपने अनुभव साझा किया। इस दौरान किसानों ने मोटे अनाज जिसे भारत सरकार ने श्री अन्न का नाम दिया है की खेती के दौरान आने वाली समस्याओं को बताया जिस पर नीरज ने उन्हें मोटे अनाज की उपज की टिप्स और उसकी मार्केटिंग के उपाय बताए। खेती किसानी में बढ़ते रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से लोगों के स्वास्थ्य लगातार गिरावट हो रही है, जबकि मोटे अनाज के उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल नहीं किया जाता और यही वजह है कि श्री अन्न का खानपान में उपयोग सेहत के लिए अच्छा माना जाता है।

## जिला आबकारी अधिकारी का आरटीआई कार्यकर्ता को दो टूक जबाव, सीएम तक करें शिकायत, नहीं देंगे जानकारी

मनगवां अंतर्गत ग्राम तिवनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी इन दिनों खौफजदा है उसे इस बात का भय सता रहा है कि कहीं ऐसा न हो कि जिला आबकारी अधिकारी किसी के माध्यम से उसे मौत के घाट न उतरा दे। दहशजदा आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में आबकारी आयुक्त को जिला आबकारी अधिकारी के मंसूबों की शिकायत मेल के माध्यम से की है। बताते चले कि जिला आबकारी अधिकारी के अधीन कई शराब ठेकेदार होते है जिनके पास खुद के पहलवान होते है और वो किसी को ठिकाने लगाने में पीछे नहीं हटते। इस बात की चिंता से आरटीआई कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है। इस बात की जानकारी आरटीआई कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने दूरभाष के माध्यम से दी। साथ ही बताया कि जिला आबकारी अधिकारी का दो टूक कहना है कि आरटीआई कार्यकर्ता कहीं भी उनकी शिकायत करे यहां तक की सीएम तक जा कर शिकायत करे हम उसके द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी नहीं देंगे। यहां तक कह डाला कि यदि जुर्माना भी लगा तो जुर्माने की राशि 1 लाख 75 हजार रूपये भरने के लिए तैयार है परंतु जानकारी




देने के लिए हरगिज तैयार नहीं है। बताते चले कि आरटीआई कार्यकर्ता प्रकाश तिवारी ने जिला आबकारी कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत 7 बिंदुओ पर जानकारी चाही थी। समयावधि गुजर जाने के बावजूद भी जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं दी गई। विवश होकर



आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रथम अपील आबकारी विभाग के संभागीय उपायुक्त से की। संभागीय उपायुक्त ने जिला आबकारी अधिकारी को मांगी गई जानकारी देने के लिए कहा गया था। लेकिन जिला आबकारी अधिकारी अपने संभागीय अधिकारी के आदेश की धज्जी उड़ा दी ओर समय गुजर गया लेकिन मांगी गई जानकारी का जवाब नहीं दिया। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जिला आबकारी कार्यालय से मांगी गई जानकारी में आखिर ऐसा कौन सा राज छुपा है जिसे जिला आबकारी अधिकारी को देने में पसीने छूट रहे है। जानकारी लेना मेरा अधिकार है और जानकारी के लिए अब हम द्वितीय अपील करेंगे।

# सड़कों पर रखी भवन निर्माण सामग्री से हो रहीं दुर्घटनाएं

**कोतमा।** नगर के सड़कों और गलियों में भवन निर्माण की सामग्री बिखरी होने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बालू, गिट्टी, ईट आदि सामग्री रखी होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। विशेष कर दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है।

बाइक के फिसलने से लोग चोटिल हो रहे हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और नगर प्रशासन मौन है। विदित हो कि सड़क पर सामग्री रखने के लिए नगर निगम की अनुमति लेनी पड़ती है। नगर के कई स्थानों पर बालू, गिट्टी, ईट रखे हुए हैं साथ ही घरों से निकलने वाले मलवे को भी सडको पर ही रखवा दिया जाता है इससे लोगों को वाहन चलाने मे काफी परेशानी हो रही है। रात के समय सड़क पर बिखरी सामग्री नहीं दिखती और लोग हादसों के शिकार हो जाते है।

### यह है नियम

सड़क किनारे मकान बनाने एवं अन्य कार्य को लेकर बालू, गिट्टी, ईट मलवा आदि सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेनी पड़ती है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए निगम में एक आवेदन दिया जाता है। आवेदन के बाद उपभोक्ता को शुल्क भी जमा कराना होता है। राशि जमा करने पर 24 घंटों के लिए ही सड़क किनारे सामग्री रखने की अनुमति दी जाती है। अगर समय पर सामग्री नहीं उठी तो जुर्माना के साथ सामग्री को जब्त करने का नियम है एवं यदि उस जगह पर आवागमन बाधित होता है तो नगर पालिका सामग्री रखने की अनुमति नहीं देगी।

### पुराने अस्पताल के सामने

नगर के वार्ड क्रमांक 3 पुराने अस्पताल के सामने ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसके लिए 1 माह से रेत एवं गिट्टी का ढेर सड़क पर ही लगा दिया है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं जब बाजार का यह हाल है तो नगर के अंदर की क्या स्थिति होगी इसे देखने वाला कोई नहीं है।

### नपा उदासीन

सड़क किनारे सामग्री रखने पर नगर पालिका प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन नगरपालिका के उदासीन रवैए के कारण मुख्य बाजारों एवं नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री या बेखौफ पड़ी रहती है लेकिन नगर पालिका के द्वारा कागजों पर ही कार्यवाही करने की बात कहती है। धरातल पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन को इन सब से कोई लेना देना नहीं है। लोग सामग्री को धड़ल्ले से सड़क के किनारे रखकर मकान बना रहे हैं।

### हो रही दुर्घटनाएं

नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री रखी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। पूर्व में वीडियो मोड़ के पास एक व्यक्ति के द्वारा भवन निर्माण का कार्य कराया जा रहा था और मिक्सर मशीन को बीच सड़क पर रखकर मसाला बनवाया जा रहा था तथा सड़क के दोनों ओर मलवा एवं रेत गिट्टी रखी हुई है जिसके कारण पिकअप वाहन ने दोपहिया वाहन को ठोकर मार दी जिससे मोटरसाइकिल चालक गिर गया था गनीमत यह थी कि दोनों वाहन धीमे थे जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

### इनका कहना

नगर पालिका के आदेश के बिना सड़क किनारे बालू, गिट्टी, ईट आदि निर्माण सामग्री रखना बिलकुल गैरकानूनी है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना बहुत ही जरूरी है। बिना अनुमति कोई व्यक्ति सामग्री रखता है तो जुर्माना देना पड़ेगा। अभियान चलाकर ऐसे भवन निर्माण कर्ताओं के विरुद्ध नोटिस देकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**
**नगर पालिका कोतमा**

## टीएल बैठक के साथ गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आयोजित हुई





**मऊगंज।** गणतंत्र दिवस को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिशा निर्देश

मऊगंज जनपद सभागार में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों की टीएल बैठक ली गई। जिसमें कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा विभिन्न योजनाओं में गति लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। टीएल बैठक उपरांत गणतंत्र दिवस धूमधाम पूर्वक मनाए जाने को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि नवगठित मऊगंज जिले में पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह कलेक्टर कार्यालय परिसर मैदान मऊगंज में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी बैठक 3 जनवरी को जनपद सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ हुई। बैठक में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक दौरान निर्देश दिए गए की किस अधिकारी द्वारा कौन से कार्य के दायित्व का निर्वहन करना है। साथ ही गणतंत्र दिवस धूमधाम पूर्वक मनाया जाए उस विषय पर विस्तृत चर्चाएं हुई तथा कार्य योजना का अंतिम रूप दिया गया। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक बीरेंद्र जैन,अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी,एसडीएम बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।